## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–17.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- सीबीआई ने नीट यूजी पेपर लीक मामले में दो और लोगों को किया गिरफ्तार, हजारीबाग से राजू सिंह और बोकारो निवासी पंकज बिहार के पटना से पकड़े गए।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा– झारखंड में खनिज संपदा के बावजूद बेरोजगारी दर दूसरे राज्यों से अधिक, नहीं लग रहे नये उद्योग।
- घुरती रथयात्रा और मुहर्रम को लेकर राज्यभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, रांची में आज सुबह 10 बजे से जुलूस समाप्ति तक निजी और यात्री वाहनों के परिचालन पर रोक।
- रांची, गोड्डा समेत राज्य के कई हिस्सों में रुक रुक कर हो रही बारिश।
- झारखंड के अनूप ने थाईलैंड में चल रही एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में देश के लिए जीता रजत पदक, कुश्ती में अंतरराष्ट्रीय पदक जीतनेवाले राज्य के पहले पहलवान बने।

********************

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने नीट–यूजी पेपर लीक मामले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपी पंकज को पटना से गिरफ्तार किया गया है। वह बोकारो जिले का निवासी है जिसपर हजारीबाग स्थित राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के केन्द्र से नीट–यूजी परीक्षा का पेपर चुराने का आरोप है। वहीं दूसरे व्यक्ति राजू सिंह को पेपर चुराने के आरोप में हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने अब तक हजारीबाग के एक स्कूल से प्रधानाचार्य और सह–प्रधानाचार्य सहित चौदह लोगों को गिरफ्तार किया है। इस बीच हमारे हजारीबाग संवाददाता ने खबर दी है कि सीबीआई ने हजारीबाग के कटकमदाग थाना क्षेत्र के रामनगर स्थित राज गेस्ट हाउस में दो घंटे तक छानबीन करने के बाद उसे सील कर दिया है। बताया जाता है कि इस गेस्ट हाउस से जांच एजेंसी को कुछ अहम दस्तावेज हाथ लगे हैं।

********************

पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि झारखंड में बेरोजगारी दर देश के अन्य राज्यों से लगभग एक फीसदी अधिक है। श्रीठाकुर कल बोकारो में बेहतर झारखंड संस्था के युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि यहां के युवाओं को नियोजन के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ता है। झारखंड सरकार की लापरवाही के कारण बड़े उद्योग भी नहीं लग रहे हैं।

वहीं रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने वादा किया था कि पांच लाख लोगों को रोजगार मिलेगा, लेकिन बेरोजगारी भत्ता तक नहीं दे पायी है।

********************

आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने गिरिडीह जिले के डुमरी में विधानसभा स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ कल बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार बनानी है।

********************

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने साहिबगंज जिले में नए छात्रावास बनाने के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिया है।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

********************

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री और कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी को नीति आयोग के विशेष आमंत्रित सदस्यों में शामिल किया गया है। बता दें कि केन्द्र सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन कर दिया है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ आयोग में पदेन सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। आयोग के विशेष आमंत्रित सदस्यों में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, समेत अन्य मंत्री भी शामिल हैं।

********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर के पास एक अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार दो युवकों को टक्कर मार दी जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इधर गढ़वा फोरलेन बाइपास पर जाटा गांव क्रॉसिंग के पास कल दोपहर पिकअप और ऑटो की टक्कर में दो स्कूली छात्रों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि पांच छात्र–छात्राएं घायल हो गये  हैं।

********************

थाइलैंड में चल रही अंडर 15 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में झारखंड के अनूप कुमार ने रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में रजत जीतने वाले अनूप राज्य के पहले पहलवान बन गये हैं। लीग मुकाबलों में अनूप कुमार ने ईरान के पहलवान को 4–0 से, उजबेकिस्तान के पहलवान को 6–4 से पराजित किया। सेमीफाइनल में अनूप कुमार ने किर्गिस्तान के पहलवान को 3–1 के स्कोर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में  उज्बेकिस्तान के पहलवान से अनूप को हार का सामना करना पड़ा। अनूप कुमार रांची के रहनेवाले हैं ।

********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज घुरती रथ यात्रा और मुहर्रम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम  किये गये हैं। रांची के जगन्नाथपुर में निकलनेवाली  घुरती रथयात्रा के दौरान  भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र रथ में सवार होकर अपने धाम लौटेंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।

********************

मुहर्रम को लेकर आज राजधानी रांची समेत राज्यभर में जुलूस निकाला जायेगा। पूरे राज्य में इसे लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गये हैं। राजधानी में दो सौ से ज्यादा जगहों पर स्टैटिक फोर्स को तैनात किया गया है। यातायात एसपी ने आज सुबह 10 बजे से निजी एवं यात्री वाहनों का परिचालन जुलूस की समाप्ति तक बंद रखने का आदेश दिया है। जारी आदेश में रांची शहर के अन्य मार्गों पर मुहर्रम जुलूस के अवसर पर यातायात को आवश्यकतानुसार डायवर्ट करने की बात भी कही गयी है।

********************

- हजारीबाग में भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद एक लाख से अधिक पौधा लगाने का अभियान चला रहे हैं। इसे लेकर उन्होंने मुख्य बधिर स्कूल के बच्चों को भी इस मुहिम में शामिल होने की अपील की है।
- सरायकेला खरसावां जिले की पुलिस ने ईचागढ़ थाना क्षेत्र के स्वर्णरेखा पुल के पास 50 किलो डोडा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

********************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित होने वाले अधिकांश अखबारों ने नीट यूजी पेपर लीक मामले में दो गिरफ्तारी और जम्मू के डोडा में चार जवानों के शहीद होने की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है – सीबीआई ने पटना से पंकज व हजारीबाग से राजू को पकड़ा।

दैनिक जागरण लिखता है– सीबीआई ने ट्रंक से प्रश्नपत्र चुरानेवाले इंजीनियर समेत दो को पकड़ा।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– डोडा में तीन हफ्ते के भीतर तीसरी मुठभेड़, चार शहीद।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–मुठभेड़ में कैप्टन समेत चार जवान शहीद।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने भी चार जवानों के शहादत की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

********************